<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 14.09.2026 (दोपहर– 1455 बजे)</u>

****************

ब्रिक्स समिट 2026 की सफलता पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति को सराहा। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के विजन और दिल्ली घोषणापत्र से आतंकवाद को बड़ा झटका लगा है। सभी देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है।

****************

ब्रिक्स समिट 2026 पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी रांची में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सम्मेलनों में बातें तो बड़ी होती हैं, लेकिन देखना होगा कि उन पर कितना अमल होता है। श्री ठाकुर ने उम्मीद जताई कि अगर सरकार कथनी को करनी में बदलेगी तभी देश को इसका वास्तविक फायदा मिलेगा।

****************

दुमका में भाजपा नेता सीता सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता की उम्मीदें निराशा में बदल चुकी हैं। राज्य में कानून–व्यवस्था ध्वस्त है और आम जनता बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी आंदोलन करने को मजबूर है।

****************

झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स, एफजेसीसीआई चुनाव में पलामू के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की है। रांची में हुए इस चुनाव में उन्होंने प्रतिद्वंद्वी को 29 मतों के अंतर से हराया। इस सफलता के बाद उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू से मुलाकात की।

****************

जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने राज्य के ईमानदार अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके काम को नमस्कार है, लेकिन जनता के साथ गलत करने वालों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की हो रही अनदेखी पर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

****************

पाकुड़ में पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। नगर थाना क्षेत्र के तलबाडांगा गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1900 अवैध लॉटरी टिकट और एक मोबाइल फोन जब्त किया है।

****************

हिंदी दिवस के अवसर पर आकाशवाणी रांची में एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि और नामकुम स्थित संस्थान के पूर्व मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. अंजेश कुमार ने विश्व पटल पर हिंदी–बढ़ता दायरा, बढ़ता प्रभाव' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर केंद्र प्रमुख डी.सी. हेम्ब्रम सहित आकाशवाणी के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

****************

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश के स्वागत के लिए शहर में जगह–जगह भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल तैयार किए गए हैं। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में गजानन की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। राज्य में आज हरतालिका तीज भी श्रद्धा और आस्था के साथ मनायी जा रही है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं।

<u>********समाप्त********</u>